# पीएम आवास में घपला, 2 निलंबित

## 462 हितग्राहियों के सत्यापन के बाद मामला उजागर हुआ

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 23 मार्च, का. जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रथम किस्त जारी होने के बाद लगभग 462 हितग्राहियों को विकासखंड स्तरीय सत्यापन दल द्वारा अपात्र किया जाकर वसूली की कार्रवाई प्रचलित थी.**

पात्र लोगों को गलत सूचना एवं जानकारी के आधार पर जल्दबाजी में अपात्र करने संबंधी जानकारी प्रभारी मंत्री जिला राजगढ़ के संज्ञान में आने के बाद कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय अपीलीय समिति में अपात्र किए गए हितग्राहियों के प्रकरणों पर पुन: विचार किए जाने के निर्देश दिए गए.जिसके पालन में सोमवार को जिला स्तरीय अपीलीय समिति में सारंगपुर के 112 तथा जीरापुर के 8 प्रकरण विचारार्थ एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किए गए.



### एक जैसे नाम का लाभ लेकर राशि निकाली

कलेक्टर द्वारा प्रकरणों की जांच के दौरान फर्जीवाडा पकड़ा गया है . इसमें अन्य ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत हिनोती जनपद पंचायत राजगढ़ देवेंद्र शर्मा और तत्कालीन ग्राम पंचायत काशीखेड़ी जनपद पंचायत जीरापुर द्वारा अपनी तत्कालीन ग्राम पंचायत काशीखेड़ी में समान नाम वाले अन्य हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास का लाभ देते हुए, आवास की राशि निकाल ली गई . इस अनियमितता करने संबंधी प्रकरण में श्री शर्मा ग्राम रोजगार सहायक को निलंबित कर आगामी आदेश तक जनपद पंचायत राजगढ़ में संबंध किया गया है .

### सरपंच के बेटे को वेंडर बनाकर निकाली राशि

ग्राम पंचायत हालाहेडी जनपद पंचायत खिलचीपुर के सचिव लखन सिंह खींची द्वारा ग्राम पंचायत हालाहेडी में विभिन्न कार्यो पर श्री बालाजी ट्रेडर्स ब्यावराकलां प्रोप्राइटर कुशल सिंह दांगी सरपंच पुत्र को वेंडर बनाया जाकर राशि का आहरण किया गया, जबकि वर्तमान में श्री बालाजी ट्रेडर्स की ब्यावराकलां में दुकान संचालित नहीं है तथा ग्राम पंचायत द्वारा राशि आहरण की प्रक्रिया गलत तरीके से की गई, जिसके कारण श्री खींची सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया.पीएम आवास योजना के एक अन्य प्रकरण में जांच के दौरान यह भी सामने आया कि एक जैसे नामों का फायदा उठाकर पात्र हितग्राही का लाभ उसी के नाम के किसी अन्य व्यक्ति को दे दिया गया.

## मुआवजा राशि का वितरण शीघ्रता से करें

बंडा. बंडा स्थित उल्दन बांध परियोजना के समस्त हितधारकों एवं प्रभावितों को उनकी मुआवजा राशि का वितरण शीघ्रता से किया जा रहा है. बंडा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार बंडा एवं जल संसाधन विभाग द्वारा उल्दन बांध परियोजना के अंतर्गत डूब क्षेत्र में आने वाले ग्राम सलैया खुर्द का दौरा किया गया. ग्रामवासियो के भूअर्जन के मुआवजा के बचे हुए नोटिस के बैंक खाता संग्रह किए गए. एसडीएम नायब तहसीलदार एवं टीम द्वारा ग्रामवासियों को अवगत कराया गया कि उल्दन बांध परियोजना के कारण आगामी समय में जून 2026 तक 457 लेवल तक जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने की पूरी संभावना है. एसडीएम द्वारा सभी ग्रामवासियो को सुरक्षा की दृष्टि से समय रहते ग्राम सलैया खुर्द को खाली कर सुरक्षित स्थान व पनारी में स्थानांतरित होने की अपील की गई.

# मोहनगढ़ क्षेत्र के कई गांवों में एक साथ चोरियां

**चोरियों की घटनाओं में गश्त व्यवस्था पर उठे सवाल**

**पुलिस के लिए चैलेंजिंग बन रही हैं चोरी की वारदातें**

नवभारत न्यूज,

**टीकमगढ/मोहनगढ़। बीती रात मोहनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव अचर्रा में एक दर्जन मकानों को बदमाशों ने निशाना बनाया। वहीं अचर्रा के अलावा वृषभानपुरा एवं बिंदारी खास में गांव में चोरों ने कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। अचर्रा गांव में हुई इस चारी की घटना ने क्षेत्र में पुलिस की कार्य शैली पर सवाल खड़े किए है। ग्रामीणों की माने तो जिनके घरों की चोरों ने निशाना बनाया उनमें से अधिकांश लोग शादी समारोह में थे तो कुछ लोग खेती के कार्यों में व्यस्त थे।**

दरअसल सूने मकानों का चोरों ने फायदा उठाया और नगदी सहित सोने चांदी के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। ग्रामीणों के साथ पीड़ितों के सोमवार की सुबह मोहनगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में देशराज पिता मनीराम अहिरवार के घर से 81 हजार की नगदी एवं संदीप अहिरवार के घर से 20 हजार की नगदी,लखन केवट के घर से 10 ग्राम चांदी की पायल और 8 हजार की नगदी तथा सुरेन्द्र के घर से सोने चांदी की चुड़ी सहित 10 हजार की नगदी के साथ जयराम अहिरवार के साथ अन्य दो लोगों के घरों के तले तोड़े गए।



### पुलिस गश्त बढ़ाए जाने की मांग

पीड़ितों के घर हुई चोरियों के आवेदन पुलिस में दिए गए। जिसमे देशराज पिता मनीराम अहिरवार के घर से 81 हजार की नगदी एवं संदीप अहिरवार के घर से 20 हजार की नगदी,लखन केवट के घर से 10 ग्राम चांदी की पायल और 8 हजार की नगदी तथा सुरेन्द्र के घर से सोने चांदी की चूड़ी सहित 10 हजार की नगदी के साथ जयराम अहिरवार के साथ अन्य दो लोगों के घरों के तले तोड़े गए। अचर्रा के लोगों ने पुलिस अधीक्षक से इस मामले में जल्द से जल्द खुलासा करने की मांग की है।

# बड़ी बजरिया में प्लाई दुकान में लगी आग

नवभारत न्यूज

**बीना 23 मार्च. शहर की बड़ी बजरिया में उस वक्त हड़कंप मच गया जब बड़ी बजरिया स्थित पारस प्लाई दुकान को जैसे ही कर्मचारी ने खोला तो धुआं निकलते देख वह घबरा गया और तत्काल दुकानदार को सूचना दी, आग ने भीषण रूप ले लिया. आग की सूचना लगते ही नगर पालिका की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची.**

जानकारी के अनुसार फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया. शहर के बड़ी बजरिया स्थित पारस प्लाई दुकान के संचालक देवेंद्र जैन ने बताया कि जब वह मंदिर से लौट कर आए तो दुकान के कर्मचारियों ने दुकान खोलते ही देखा की दुकान से काफी धुआं निकल रहा है. आग की लपटे निकलने लगी, देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया.



उन्होंने बताया कि नगर पालिका की तत्परता एवं वार्ड वासियों ने जिस तरह का सहयोग किया उससे आग पर काबू पाया जा सका, दुकान में आग कैसे लगी इसका कारण फिलहाल अज्ञात है. आग से करीब 15 से 20 लाख रुपए का नुकसान हो गया है. आग से क्रॉकरी, गद्दे एवं फाइलें जलकर खाक हो गई. दुकान के कर्मचारी मंटू ने बताया कि जैसे ही उसने दुकान खोली वैसे ही दुकान में से धुंआ निकलते देख दुकान मालिक को खबर दी. सीएमओ राहुल कौरव ने तत्काल फायर ब्रिगेड को मौके पर पहुंचाया. अग्निशामक प्रभारी जितेंद्र भिलवारे, ड्राइवर रामेश्वर यादव, प्रदीप सेन, लखन राय एवं फायरमैन महेश मडोंतिया, कमलेश राय, नफीस खान ने आग बुझाने का कार्य शुरू किया. राम वार्ड पार्षद अतीक खान ने बताया कि खबर लगते ही सीएमओ एवं एसडीएम से चर्चा की तो उन्होंने रिफाइनरी की फायर ब्रिगेड को भी मौके पर पहुंचाया. काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया.

## सकल हिन्दू समाज आज सौंपेगा ज्ञापन

**सीहोर.** राजधानी दिल्ली के उत्तम नगर निवासी तरूण खटीक की खुलेआम निर्मम हत्या कर दी गई थी. इस हृदय विदारक घटना को लेकर पूरा देश आक्रोशित है जिसको लेकर सकल हिन्दु समाज एवं खटीक समाज द्वारा निर्णय लिया है कि मंगलवार को स्थानीय जयंती कॉलोनी स्थित पार्क में सुबह 11 बजे भारी संख्या में एकत्रित होकर विशाल रैली के रूप में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा और निर्दोष युवा स्वर्गीय तरूण खटीक के सभी हत्यारों को शीघ्रातिशीघ्र फांसी की सजा दिलाये जाने एवं मृतक के परिजनों को समुचित न्याय दिलाने मांग की जाएगी.

# मंडी में गेहूं, सोयाबीन और चना की जोरदार आवक

## किसानों को मिले बेहतर दाम, सोयाबीन और मसूर ने दिखाई मजबूती

नवभारत न्यूज

**विदिशा 23 मार्च, कृषि उपज मंडी समिति में विभिन्न फसलों की आवक और भाव में उल्लेखनीय गतिविधि देखने को मिली. मंडी में कुल 43,927 क्विंटल उपज की आवक दर्ज की गई, जिसमें 1,197 किसानों के सौदे शामिल रहे. इस दौरान गेहूं, सोयाबीन, चना और धान जैसी प्रमुख फसलों की आवक अधिक रही, जिससे बाजार में प्रतिस्पर्धा बनी रही और किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त हुए.**

गेहूं की बात करें तो शरबती (306) गेहूं का अधिकतम भाव 3,750 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचा, जबकि मॉडल रेट 3,050 रुपये रहा. वहीं गेहूं 1544 की सबसे ज्यादा आवक 33,689 क्विंटल दर्ज की गई, जिसका अधिकतम भाव 3,390 रुपये और मॉडल रेट 2,500 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जो एमएसपी 2,625 रुपये के आसपास रहा.



सोयाबीन की कीमतों में मजबूती देखने को मिली. इसका अधिकतम भाव 5,695 रुपये प्रति क्विंटल और मॉडल रेट 5,200 रुपये रहा, जो एमएसपी 5,328 रुपये के करीब है.

## चित्रगुप्त जयंती पर भव्य शोभायात्रा की तैयारी तेज

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** 23 अप्रैल को भगवान चित्रगुप्त के प्राकट्य दिवस पर भव्य शोभायात्रा निकालने की तैयारियां तेज हो गई हैं. इस संबंध में चित्रगुप्त मंदिर शेरपुरा में कायस्थ समाज की बैठक आयोजित हुई.बैठक में शोभायात्रा मार्ग, स्वागत द्वार, फ्लेक्स-होर्डिंग, विशेष रथ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर चर्चा कर सहमति बनी. रथ पर भगवान चित्रगुप्त को परिवार सहित विराजमान किया जाएगा. साथ ही घोड़े, बैंड-बाजे, ताशे-ढोल शामिल रहेंगे.कायस्थ सभा के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि समाजजनों ने विभिन्न संगठनों से संपर्क कर अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया.बैठक में सहयोग राशि भी एकत्रित की गई.

## एक नजर में




### जलगंगा संवर्धन अभियान में शामिल हुए मंत्री पटेल

**बुधनी.** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि हमारा प्रदेश नदियों की जन्मस्थली है और इनका संरक्षण पूरे समाज की जिम्मेदारी है . उन्होंने आह्वान किया कि छोटी नदियों एवं उनके जल स्रोतों को बचाने तथा उद्गम स्थलों को संरक्षित करने के लिए तटों पर पौधरोपण कर उनकी देखरेख सुनिश्चित की जाए . इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता एवं जल संरक्षण के कार्यों में सहभागी बनना चाहिए और इसके लिए नए-नए प्रयोग अपनाने की आवश्यकता है . कार्यक्रम में मंत्री श्री पटेल, विधायक रमाकांत भार्गव, सीईओ श्रीमती सर्जना यादव सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने ग्राम पंचायत जोशीपुर में गुंजारी नर्मदा संगम घाट पर श्रमदान किया .

### मां तुलजा भवानी का स्थापना दिवस आज

**मुलताई।** पवित्र नगरी मुलताई मे खरसाली रोड पर स्थित मां तुलजा भवानी मंदिर परिसर मे मंगलवार को मातारानी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा ।मां तुलजा भवानी क्षत्रिय मराठा समाज समिति के वामन जगताप, नागोराव जगताप,सुनील वानखेड़े, महादेव राउत, रंजीत खंडागले, सोनू जाधव ने बताया समिति द्वारा प्रतिवर्ष मां तुलजा भवानी का स्थापना दिवस 24 मार्च को मनाया जाता है, इस वर्ष भी मंगलवार 24 मार्च को स्थापना दिवस मनाया जाएगा। मनोज देवकते ने बताया मप्र मे तुलजा भवानी का यह दूसरा मंदिर है। स्थापना दिवस पर सुबह 9 बजे से हवन पूजन, 11 बजे महाआरती, दोपहर 12 .30 बजे से भंडारा प्रसादी एवं रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा। उन्होंने बताया मां तुलजा भवानी मराठा समाज के अलावा कुनबी समाज, साहू समाज, बरई समाज खटीक समाज के बंधुओ की भी कुल देवी है।

### वाचनालय पाठक संघ का आयोजन

**गंजबासौदा,** शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में विश्व जल दिवस मनाया गया . कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया . वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त किए .उन्होंने बताया कि विश्व जल दिवस प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को मनाया जाता है . इसका मुख्य उद्देश्य मीठे पानी पर ध्यान केंद्रित करना, लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना और जल संसाधनों के सतत प्रबंधन के लिए प्रेरित करना है .वक्ताओं ने कहा कि जल ही जीवन है . जहां पानी होता है, वहीं जीवन संभव है . पूरे ब्रह्मांड में जल केवल पृथ्वी पर ही पाया जाता है, इसलिए हमें इसका सम्मान करना चाहिए और इसे व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए .

### भांग दुकानों से 10 प्रतिशत राजस्व वृद्धि

राजगढ़ . जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल द्वारा बताया गया कि जिले की 03 भांग दुकानों एवं 03 भांग-घोटा दुकानों के लिए वर्ष 2025-26 की ऑफसेट प्राइस 28,00,763 रुपये में 10 प्रतिशत की वृद्धि उपरांत 30,80,840 रुपये पर 23 मार्च, 2026 को वर्तमान लाइसेंसधारियों के नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे . साथ ही कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले की 03 भांग दुकानों एवं 03 भांग घोटा दुकानों का 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ राशि 3080840 रुपए में वर्ष 2026-27 हेतु नवीनीकरण कराया गया .

### फिल्मी स्टाइल में डिवाइडर पर चढ़ा ट्रैक्टर पलटा

**शाढ़ौरा।** गुना, अशोकनगर मार्ग पर रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात को एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर फिल्मी स्टाईल में सड़क पर बने डिवाईडर पर चढ़ गया, जिसके कारण वह आगे चलकर पालट गया, इस घटना में ट्रेक्टर का चालक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार राजेश (पुत्र कल्ला अहिरवार) अशोकनगर से भूसा खाली कर लौट रहा था, तभी श्रद्धा मोटर्स के सामने गुना-ईसागढ़ मार्ग पर रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात ट्रेक्टर अंनियत्रित हो गया और वह सड़क पर बने डिवाईडर के ऊपर चढ़ गया। इस हादसे में चालक घायल हो गया है .


# जिला प्रशासन ने इंटरनेट पर कसी लगाम

नवभारत न्यूज

**गुना 23 मार्च का। जिले की शांति व्यवस्था को डिजिटल खतरों से बचाने के लिए प्रशासन ने एक बार फिर 'इंटरनेट के शोर' पर लगाम कस दी है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत सख्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। दिलचस्प बात यह है कि बीते दो महीनों में यह लगातार दूसरी बार है जब गुना प्रशासन को सोशल मीडिया पोस्ट पर इस तरह की सख्त निगरानी और पाबंदी लागू करनी पड़ी है।**

सूत्रों की मानें तो हालिया 'नोटकांड' जैसे बड़े स्थानीय मुद्दों और वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों (जैसे इजराइल-ईरान तनाव) के चलते जिले में साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर यह माना गया कि असामाजिक तत्व भ्रामक वीडियो, ऑडियो या फोटो के जरिए समाज में द्वेष फैला सकते हैं। इसी 'डिजिटल जहर' को रोकने के लिए प्रशासन ने 15 मई 2026 तक के लिए यह सुरक्षा कवच तैयार किया है।

बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों की आड़ में स्थानीय स्तर पर होने वाली हलचल जैसे नोटकांड और मुर्दाघर में कथित रूप से जिंदा व्यक्ति को भेजने जैसे मामलों की चर्चा शांत करने के लिए भी यह कदम प्रशासन के लिए कारगर सिद्ध होगा। इन दोनों ही मामलों की पिछले कुछ दिनों से गुना जिले में चर्चा है।



जारी आदेश के अनुसार, फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स (ट्विटर), इंस्टाग्राम और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर केवल भड़काऊ पोस्ट डालना ही अपराध नहीं होगा, बल्कि ऐसी सामग्री को लाइक, कमेंट, शेयर या फॉरवर्ड करना भी कानूनन जुर्म माना जाएगा। व्हाट्सएप ग्रुप के संचालकों (एडमिन्स) को विशेष रूप से जिम्मेदार ठहराया गया है। अगर ग्रुप में कोई भी आपत्तिजनक सामग्री आती है, तो एडमिन को उसे तुरंत रोकना होगा, वरना उन पर भी गाज गिर सकती है।



# 6 हजार के इनामी तीन आरोपी पकड़ाये

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 23 मार्च, थाना उनारसीकलां पुलिस ने कार्यवाही करते हुए लगभग 4 माह से फरार चल रहे 6 हजार रुपये के इनामी तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिलेभर में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है. इसी अभियान के तहत थाना उनारसीकलां पुलिस ने कार्यवाही करते हुए लगभग 4 माह से फरार चल रहे इनामी तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गत दिनों फरियादी राजेन्द्र पिता हनुमंत शर्मा निवासी ग्राम मोतीपुर द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम के ही प्रदीप शर्मा, चंद्रमोलेश्वर एवं राघव शर्मा ने तालाब के पंचनामा पर हस्ताक्षर करने की बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए फरियादी, उसकी पत्नी सावित्री बाई शर्मा एवं पुत्री मंटो बाई शर्मा के साथ हाथ, थप्पड़ों एवं डंडों से मारपीट की. उक्त रिपोर्ट पर थाना उनारसीकलां में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. उपचार हेतु फरियादी की एमएलसी सीएचसी लटेरी में कराई गई. जिसमें फरियादी को गंभीर चोट पाये जाने पर प्रकरण में धारा का इजाफा किया गया. प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक विदिशा द्वारा कुल 6 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था.

यह संपूर्ण कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी उनारसीकलां के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई . पुलिस की इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक गोसिया सुल्तान, सहायक उप निरीक्षक जितेन्द्र शर्मा, प्रधान आरक्षक रविकांत राव, प्रधान आरक्षक कुलदीप सिंह, आरक्षक घनश्याम, मोहित, कृष्णपाल राजपूत एवं चरनजीव की सराहनीय भूमिका रही .

# 50 वर्षों से सजी मां विजासन माई की चौकी

**भौंरा। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र की आस्था का केंद्र मां विजासन देवी मंदिर एक बार फिर श्रद्धालुओं की आस्था से सराबोर होने जा रहा है। करीब पांच दशक से अधिक समय से निरंतर आयोजित हो रहा मां विजासन माई मेला इस वर्ष 23 मार्च सोमवार से प्रारंभ होकर 29 मार्च रविवार तक आयोजित किया जाएगा।**

वर्षों पुरानी यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का भी जीवंत उदाहरण बन चुकी है। मंदिर से जुड़ी लोक मान्यताओं के चलते नवरात्रि के दौरान यहां दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मां विजासन देवी के प्रति गहरी आस्था के कारण प्रतिवर्ष इस अवसर पर मेले का आयोजन किया जाता है, जो समय के साथ और अधिक व्यापक स्वरूप लेता गया है। मेला समिति के अध्यक्ष सुधीर नायक एवं उपाध्यक्ष जय किशोर मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी गई है, जिससे मेले में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेले के अंतर्गत सप्ताहभर विविध धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी।



## दुकान आवंटन के लिए होंगे आवेदन

**टीकमगढ़।** मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण नियंत्रण आदेश 2015 में दिये गये प्रावधान अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक उचित मूल्य की दुकान संचालित होना है एवं जिन ग्रामीण क्षेत्र की नवीन दुकान विहीन ग्राम पंचायत में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं पुर्न आवंटन स्थापित किये जाने का प्रावधान है। उक्त पावधान के तहत् अनुविभाग में ग्राम पंचायत पराखारा में नवीन दुकान आवंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा विभाग की बेबसाइड पोर्टल पर पात्र सस्थायें 28 मार्च तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

**एक्सपो** | कृषि नवाचारों का महाकुंभ, आज केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान आएंगे

# कृषि यंत्रीकरण वर्तमान समय की जरूरत : भार्गव

नवभारत न्यूज

**बुदनी 23 मार्च . केंद्रीय कृषि यंत्रीकरण एवं परीक्षण प्रशिक्षण संस्थान बुदनी में राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो 2026 का भव्य शुभारंभ सोमवार को दोपहर 1 बजे स्थानीय विधायक रमाकांत भार्गव द्वारा युवा नेता कार्तिक चौहान की उपस्थिति में किया गया. कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. बी.एम. नांदेड़े ने अतिथियों का स्वागत किया.**

कार्यक्रम में मंत्रालय के अपर आयुक्त डॉ. व्हीएन काले, हिसार संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश जैन, अनंतपुर के निदेशक डॉ. पी.पी. राव, असम संस्थान की निदेशक कमलाबाई सहित कई अधिकारी एवं स्थानीय प्रशासन मौजूद रहे. इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया.



अपने संबोधन में विधायक रमाकांत भार्गव ने कहा कि कृषि यंत्रीकरण समय की जरूरत है, जिससे लागत कम और उत्पादन अधिक होगा. वहीं कार्तिक चौहान ने युवाओं से कृषि में आधुनिक तकनीकों को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया. तीन दिवसीय इस एक्सपो में आधुनिक कृषि यंत्रों, ड्रोन तकनीक, फसल प्रबंधन एवं प्रसंस्करण से जुड़ी नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है. इसके अलावा किसानों को शासकीय योजनाओं और स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी भी दी जा रही है.

एक्सपो के दूसरे दिन 24 मार्च को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम में शामिल होंगे.

वे किसानों से संवाद करेंगे तथा नई प्रयोगशालाओं, उन्नत सुविधाओं का लोकार्पण करेंगे. साथ ही विभिन्न संस्थानों के साथ एमओयू हस्ताक्षर, किसानों को टूलकिट वितरण और पिवोट सिंचाई प्रणाली का उद्घाटन भी किया जाएगा.

### यह आयोजन आधुनिक तकनीक को समझने का मंच

यह आयोजन किसानों, वैज्ञानिकों व उद्यमियों के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों को समझने और अपनाने का मंच साबित हो रहा है. कृषि मंत्री के समक्ष महत्वपूर्ण एवं किसान केंद्रित पहलों का क्रियान्वयन किया जाएगा. अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, उन्नत सुविधाओं का लोकार्पण किया जाएगा.

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** गुना बीना रेलखण्ड पर एक 30 वर्षीय युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त की और उसके बाद पीएम के लिए जिलाअस्पताल पहुंचाया, जहां पीएम उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द किया गया है। जानकारी के अनुसार बलवीर पुत्र किशन अहिरवार निवासी ग्राम हैदर रविवार की रात्रि में माता मंदिर के पास ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। वही ट्रेक पर शव देखकर लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया।